Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:05 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 5:14 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 298 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 28 मई 2025



कई महिला प्रधान फिल्मों में नजर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बदरीनाथ में गुजरात और मध्यप्रदेश के दो यात्रियों की तबीयत बिगड़ी, मौत

**चमोली।** तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अचेत अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदरीनाथ ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बदरीनाथ की यात्रा पर आए गुजरात और मध्यप्रदेश के दो यात्रियों की सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान दोनों यात्रियों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, भावना बेन(58) पत्नी मुकेश कुमार पटेल निवासी सी-303 मारुति नन्दन अपार्टमेंट अपोजिट इण्डिया कालोनी बालेश्वर बंगलों बोपल, अहमदाबाद, गुजरात और संतोष प्रजापति(63) पुत्र लक्ष्मी प्रशाद प्रजापति निवासी संगम रोड बुड्डीमय वार्ड महाराजपुर मण्डला, मध्य प्रदेश का स्वास्थ्य बिगड़ गया। परिजन उन्हें अचेत अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदरीनाथ ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही कर शव परिजनों के सपुर्द कर दिए।

### नैनीताल में दो वाह्नों की टक्कर, युवती हो गयी चोटिल



**नैनीताल ।** नगर के भवाली रोड में मंगलवार की देर शाम दो वाहनों स्कॉर्पियो व थार की आमने सामने भिडंत से वाहन सवार युवती चोटिल हो गई। अस्पताल में उपचार के बाद युवती को छुट्टी दे दी है।


जानकारी के अनुसार मंगलवार को यूपी 14 जीके 5000 स्कॉर्पियो से पर्यटक भवाली से नैनीताल की ओर आ रही थे। कैलाखान के समीप सामने से आ रही थार से उनकी स्कॉर्पियो टकरा गयी। दोनों वाहनो की टक्कर में स्कॉर्पियो में सवार युवती चोटिल हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने चोटिल युवती को बीडी पांडे अस्पताल भेजा । बीडी पाण्डे अस्पताल में तैनात डॉ सुनील ने बताया कि हल्द्वानी निवासी हिमानी को उपचार के बाद छुट्टी दे दी है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड की तीन हस्तियों को दिया पद्मश्री सम्मान

**नई दिल्ली**
एजेंसी

पदमश्री से सम्मानित राधा भट्ट उत्तराखंड की एक प्रसिद्ध समाज सेविका हैं। वह 16 साल की उम्र में सरला बेन के आश्रम में शामिल हो गई थीं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार नई दिल्ली में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में उत्तराखंड की राधा भट्ट को सामाजिक कार्य, ह्यूग गैंट्ज़र और कोलीन गैंट्ज़र (मरणोपरांत) को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया।



पदमश्री से सम्मानित राधा भट्ट उत्तराखंड की एक प्रसिद्ध समाज सेविका हैं। वह 16 साल की उम्र में सरला बेन के आश्रम में शामिल हो गई थीं। वह उत्तराखंड के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं और बच्चों की सेवा करती रही हैं। उन्होंने विकास के सामाजिक और आर्थिक कार्यक्रमों को चलाने के लिए बेरीनाग ग्राम स्वराज्य मंडल की स्थापना की। 1975 में चिपको आंदोलनों में सक्रिय रूप से भाग लिया। वह जमनालाल बजाज पुरस्कार, गोदावरी पुरस्कार, इंदिरा प्रियदर्शनी पुरस्कार (भारत सरकार) (पर्यावरण), मुनि संतबल पुरस्कार और स्वामी राम मानवतावादी पुरस्कार सम्मानित हो चुकी हैं। पदमश्री से सम्मानित ह्यूग गैंट्ज़र व उनकी पत्नी स्व. कोलीन गैंट्ज़र की उत्तराखंड के प्रसिद्ध यात्रा वृतांत लेखक के तौर पर पहचान है। ह्यूग भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी हैं और कमांडर के पद से सेवानिवृत्त हुए। भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त होने के उपरांत ह्यूग व उनकी पत्नी ने यात्रा वृतांत लेखन की विशिष्ट शैली की शुरुआत की। उन्होंने 3,000 से अधिक लेख, कॉलम और पत्रिका फीचर्स लिखे हैं और 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं।

**सम्मान**
- राधा भट्ट उत्तराखंड की एक प्रसिद्ध समाज सेविका हैं

पाकिस्तान से तनाव के बीच फैसला

## सेना-नौसेना व वायु सेना में एकीकृत सैन्य कमान के लिए हुए नियम तय

**नई दिल्ली**
एजेंसी

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सेना, नौसेना और वायु सेना में एकीकृत सैन्य कमान के लिए नियम अधिसूचित किए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, सरकार ने अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) अधिनियम 2023 के तहत नियमों को अधिसूचित किया है, जो सशस्त्र बलों में अधिक संयुक्तता और कमांड दक्षता को मजबूत करेगा।

अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) अधिनियम 2023 के तहत तैयार नियमों को राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अधिसूचित किया गया है। यह 27 मई से लागू हो गए हैं। इस अहम कदम का मकसद अंतर-सेवा संगठनों (आईएसओ) के प्रभावी कमांड, नियंत्रण और कुशल कामकाज को बढ़ावा देना है। इससे सशस्त्र बलों के बीच संयुक्तता और तालमेल मजबूत होगा।

विधेयक को 2023 के मानसून सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों की ओर से पारित किया गया था। इसे 15 अगस्त, 2023 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिल गई थी। 8 मई 2024 की राजपत्र अधिसूचना के मुताबिक, यह अधिनियम 10 मई, 2024 से प्रभावी हुआ। अधिनियम आईएसओ के कमांडर-इन-चीफ और ऑफिसर-इन-कमांड को प्रत्येक सेवा की विशिष्ट व्यक्तिगत सेवा की शर्तों को बिना छेड़े, अनुशासन और प्रशासन को प्रभावी बनाए रखने के लिए अपने अधीन सेवारत सेवा कर्मियों पर नियंत्रण रखने का अधिकार देता है। इससे आईएसओ के प्रमुखों को सशक्त बनाकर कई कार्यवाहियों से बचाकर मामलों के शीघ्र निपटान का मार्ग प्रशस्त होगा। यह सशस्त्र बल कर्मियों के बीच अधिक एकीकरण और एकजुटता की दिशा में एक कदम है।



**एकजुटता**
- सशस्त्र बलों के बीच संयुक्तता और तालमेल मजबूत होगा
- एकीकरण और एकजुटता की दिशा में एक कदम

## मुख्यमंत्री धामी ने अहिल्या स्मृति मैराथन को दिखाई हरी झंडी

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

सीएम धामी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता और एकता लाने के साथ स्वस्थ समाज का भी निर्माण करते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को पवेलियन ग्राउंड से %अहिल्या स्मृति मैराथन एक विरासत-एक संकल्प% कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्वयं भी युवाओं के साथ मैराथन में दौड़कर सबका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता और एकता लाने के साथ स्वस्थ समाज का भी निर्माण करते हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, मेयर सौरभ थपलियाल, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, विधायक भरत चौधरी, दायित्वधारी अनिल डब्बू, श्याम अग्रवाल, हेम बजरंगी, भाजपा युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

**आयोजन**
- युवाओं के साथ खुद भी लगाई दौड़



## इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किशोरी से बनाए शारीरिक संबन्ध, मुकदमा

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल थाना क्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी के साथ इंस्टाग्राम में दोस्ती कर युवक द्वारा शारीरिक संबन्ध बनाने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ पोक्सो में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार तल्लीताल थाना क्षेत्र निवासी एक 16 वर्षीय किशोरी की इंस्टाग्राम में लालकुआं के एक युवक से दोस्ती हो गई। बात करने के दौरान दोनों ने एक दूसरे के नंबर लिए और बात करने लगे। बात करने के दौरान जनवरी 2025 में युवक ने किशोरी को हल्द्वानी मिलने बुलाया। जहां एक होटल में उसने किशोरी के साथ शारीरिक संबन्ध बनाए। उसके बाद युवक किशोरी से बार. बार मिलने की जिद करने लगा। जब किशोरी ने मिलने से मना किया तो युवक ने किशोरी को धमकी देना शुरू कर दिया।

जिसके बाद किशोरी ने यह बात अपनी मां को बता दी। जिसके बाद किशोरी की मां ने युवक के खिलाफ शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि शिकायत के आधार पर लालकुआं निवासी निर्मल कुमार उर्फ हैप्पी के खिलाफ पोक्सो की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## हल्द्वानी में रहना होगा तो बाहरी लोगों को सत्यापन कराना ही होगा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

नगर में बाहर से आए लोगों को रहना होगा तो सत्यापन कराना होगा बुधवार की सुबह पुलिस ने बाहरी लोगों के सत्यापन को लेकर विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान का नेतृत्व सीओ सिटी नितिन लोहनी कर रहे हैं, जो बीते कई दिनों से लगातार चलाया जा रहा है।बनभूलपुरा क्षेत्र में थाना प्रभारी नीरज भाकुनी तथा राजपुरा क्षेत्र में एसएसआई रोहतास सागर की अगुवाई में कई स्थानों पर सत्यापन किया गया। इस दौरान बनभूलपुरा में कई ऐसे लोग संदिग्ध पाए गए, जो बिना अवैध दस्तावेजों के वर्षों से क्षेत्र में रह रहे थे और अवैध रूप से बिजली का कनेक्शन लेकर जीवनयापन कर रहे थे। पुलिस ने मौके पर इन संदिग्धों को चिन्हित कर बिजली विभाग के अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।इसी क्रम में राजपुरा क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 के पड़ाव क्षेत्र में भी पुलिस ने डोर-टू-डोर जाकर लोगों से पूछताछ की और उनके पहचान संबंधी दस्तावेजों की जांच की। सत्यापन के दौरान राशन कार्डों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के डाटाबेस से मिलान किया गया, वहीं आधार एप के माध्यम से आधार कार्ड की भी पुष्टि की गई। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि क्षेत्र में रह रहे संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके।



# देवभूमि व्यापार मंडल भवाली के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



भवाली देवभूमि व्यापार मंडल भवाली के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों देवभूमि व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुवर ने शपथ दिलाई।

बता दें कि तीसरी बार अध्यक्ष बने नरेश पांडे उपाध्यक्ष रोहित अधिकारी महामंत्री मनमोहन सिंह निगलटिया व रमेश जोशी शामिल रहे कार्यक्रम में कार्य कारणी का विस्तार करते हुए अफसर अली को सचिव और हिमांशु मेहरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया प्रदेश अध्यक्ष हुकम सिंह कुमार ने सभी पदाधिकारी को व्यापारिक हितों में काम करने का आवाहन किया लगातार तीसरी बार व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने नरेश पांडे ने कहा कि भवाली की व्यापारियों की समस्याओं के लिए वह संघर्ष के लिए तत्पर हैं उन्होंने कहा कि उनका प्रयास होगा कि कोई किसी भी व्यापारी की छोटी.बड़ी कोई भी समस्या हो उसके लिए वह उसका समाधान तुरंत करने की कोशिश करेंगे और व्यापारियों का हित सर्वोपरि रहेगी उल्लेखनीय की कुछ दिन व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष का चुनाव प्रक्रिया द्वारा नियुक्त करने की मांग की थी।

व्यापार मंडल द्वारा चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन सिर्फ नरेश पांडे का ही था इसलिए उनको निर्विरोध व्यापार मंडल का अध्यक्ष बना दिया गया नरेश पांडे सामाजिक हितों से जुड़ाव एक समाजसेवी भी है जिन्होंने कोरोना काल से लेकर अभी तक गरीब असहाय लोगों की मदद के लिए बहुत तत्पर रहे हैं उनके अध्यक्ष बनने से व्यापारियों में बहुत हर्ष का माहौल है व्यापारियों को माना था कि अतिक्रमण के खिलाफ ड्राइव में व्यापारियों के हित में सबसे आगे खड़े रहने वाले में नरेश पांडे रहे हैं जिससे उनका संघर्ष में सफलता भी मिली है।

इस कार्यक्रम के दौरान अभिनेता हेमंत पांडे भुवन बहुगुणा मनोज खुल्बे हरेंद्र सिंह शुभम शर्मा राजा लाल पूरन पांडे हितेश शाह संतोष तिवारी एडवोकेट अनिल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## NEWS / फटाफट

### बारापत्थर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया

**नैनीताल** । नगर पालिका द्वारा चमाचम सडक् अभियान के तहत मंगलवार को बारापत्थर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के नेतृत्व में मुख्य सफाई निरीक्षक सुनीत कुमार और सफ ाई निरीक्षक कमल चौहान के नेतृत्व में बारापत्थर में सडक़ों और नालियों की विशेष सफाई की गई। इस अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पालिका के पर्यावरण मित्रों ने सफाई की ताकि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता मानकों को बनाया जा सके।

### राज्यपाल जनरल गुरमीत से की शिष्टाचार भेंट



**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अनामिका ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी अनामिका से जनपद में विकास कार्यों की जानकारी के साथ ही महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की मार्केटिंग और ब्रांडिंग के लिए किए जा रहे विभागीय प्रयासों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने के लिए इन समूहों को प्रोत्साहित करना अत्यंत जरुरी है। राज्यपाल ने जिले में पंजीकृत होम स्टे इकाइयों की जानकारी लेते हुए उनकी संख्या में वृद्धि की जरुरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में स्थानीय सहभागिता को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक होम स्टे पंजीकृत किए जाने चाहिए। इस दौरान राज्यपाल ने नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी चंद्रशेखर जोशी से वन विभाग की गतिविधियों विशेषकर वनाग्नि की घटनाओं और उन्हें रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने वन विभाग द्वारा नैनीताल जनपद में पिरूल प्रबंधन से वनाग्नि की रोकथाम हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस दिशा में एक प्रभावी और दीर्घकालिक कार्ययोजना की जरूरत बताई।

### 326वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल** । संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियुक्तिकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 326वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडऩे के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनते हुए जाइए के तहत मंगलवार को लखीमपुर खीरी से आए देवेश कुमार, शैली गौतम, दिविषा तथा दिव्या तथा लवलिन सिंह पर्यटकों ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया। पर्यटकों ने कहा कि पर्यटक आवास गृह मैं पर्यावरण संरक्षण के लिए सराहनीय कार्य हुआ है। देवभूमि में आकर उन्हें भी प्रकृति संरक्षण में जुड़ते हुए पौधारोपण करने का सौभाग्य मिला।

### नैनीताल में एक जून में होगा बाल नाट्यशाला का आयोजन

**नैनीताल** । नैनीताल में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी जून माह में युगमंच एवं शारदा संघ के संयुक्त तत्वावधान में बाल नाट्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम के मुताबिक नैनीताल में नाट्य कला के क्षेत्र में पहले से ही एक विशेष उत्साह रहा है एवं यहीं के रंगमंच से कई बड़े कलाकार निकले हैं। उन्होंने बताया कि 1 जून (रविवार) से प्रारंभ होने जा रही बाल नाट्य कार्यशाला हेतु मल्लीताल स्थित इंतखाब क्लाथ स्टोर में संपर्क कर पंजीकरण कराया जा सकता है। युगमंच के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ संगीतज्ञ नवीन बेगाना ने बताया कि इस वर्ष की बाल नाट्य कार्यशाला का निर्देशन काफी अनुभवी रंगकर्मी अनिल कुमार द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों के रूप में राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ रंगकर्मी एवं निर्देशक जहूर आलम, जितेन्द्र बिष्ट तथा युगमंच के युवा सचिव मनोज कुमार व रंगकर्मी शिक्षक डॉ. हिमांशु पांडे तथा उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक हेमंत बिष्ट के साथ ही अदिति खुराना आदि द्वारा योगदान दिया जाएगा। कार्यक्रम को सफ ल बनाने में शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र सिंह बिष्ट, महासचिव प्रो. घनश्याम लाल साह, उपाध्यक्ष चंद्र लाल साह, डॉ. मनोज सिंह बिष्ट सहित राजेंद्र लाल साह, जितेन्द्र बिष्ट, भास्कर बिष्ट, नवीन बेगाना, डी के. शर्मा, अदिति खुराना, रफ त आलम, अनिल कुमार, मनोज कुमार, जय जोशी तथा हिमांशु पांडे आदि द्वारा योगदान दिया जा रहा है।



# दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन, भंडारा आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के ठंडी सडक् स्थित शनि देव मंदिर में चल रहे दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठानों का मंगलवार को भव्य व दिव्य तरीके से समापन हो गया। मंगलवार को दूसरे दिन शनि जन्मोत्सव के विशेष मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

बता दें कि सोमवार को सुबह पूजन के बाद अखंड हनुमानचालीसा पाठ किया गया जिसके बाद खीर का भंडारा किया गया वहीं मंगलवार को सुबह शनि पूजन के बाद पंडित भगवती प्रसाद जोशी ने हवन यज्ञ संपन्न कराया जिसके बाद सुदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर के व्यवस्थापक हेम चंद्र जोशी समेत हीरा रावत, डा.कपिल जोशी, ईश्वरी दत्त तिवारी, पारस जोशी, विमल बिष्ट समेत अन्य भक्तजन मौजूद रहे।

# पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा के चतुर्थ दल स्वागत किया

**पिथौरागढ़/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में आदि कैलाश यात्रा के चतुर्थ दल के पहुंचने पर कुमाऊँ मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने यात्रियों को माला पहनाकर व जूस पिलाकर स्वागत किया।

इस दौरान यात्रियों ने शहीद स्मारक स्थल में एक दिया शहीदों के नाम के तहत कार्यक्रम में दीप जलाकर शहीदों को नमन किया। यात्रियों को प्रात- पूजा अर्चना करने के बाद दिनेश गुरुरानी ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई व शपथ रजिस्टर भरवाया,बाद में यात्रियों को गुंजी में बन रहे यादों के जंगल में पौधारोपण हेतु पौधे दिए । यात्रियों ने पर्यटक आवास गृह परिसर में भी पौधारोपण किया।

यात्रियों ने निगम द्वारा दी गई व्यवस्थाओं की सराहना की तथा कहा कि ऐसा पर्यावरण संरक्षण के तहत किया गया कार्य उन्होंने कहीं नहीं देखा। कार्यक्रम में पर्यटन विकास अधिकारी ललित मोहन तिवारी, यात्रा दल के गाइड चरणजीत बिष्ट, हंसी, पद्म सिंह, हर सिंह ,शेर सिंह, सौरव खोलिया, महेश कुमार, गोपाल बिष्ट, राजेंद्र, दीपक तथा विजय बोरा सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।




**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# ऐतिहासिक खेल मैदान को नगर पालिका नैनीताल संरक्षित करेगी व संजोकर रखेगी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के ऐतिहासिक डीएसए मैदान के स्वामित्व को लेकर नैनीताल में मंगलवार को पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने कहा कि फ्लैट्स खेल मैदान और डीएसए पैवेलियन नैनीताल की ऐतिहासिक धरोहर है। इसे किसी भी संस्था को लीज में नहीं दिया जाएगा। कहा कि नगर के हजारों खिलाडियों व स्थानीय निवासियों और पर्यटन के लिए यह एक सुलभ मैदान है। यह नैनीताल का आंगन है। इसी मैदान से यहां से तीन ओलंपिक खिलाडी और राष्ट्रीय स्तर पर भी सैकड़ों खिलाडियों ने नैनीताल का नाम रोशन किया है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त क्रीड़ा अधिकारी व डीएसए के 18 वर्ष तक महासचिव रहे प्रो. घनश्याम लाल साह ने कहा कि फ्लैट्स खेल मैदान नैनीताल की अमूल्य धरोहर है। सन् 1889में यहां रामपुर फुटबॉल कप शुरु हुआ।1922 से प्रारंभ हाकी का राष्ट्रीय टूर्नामेंट द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान भी जारी रहा । घनश्याम लाल साह ने कहा कि फ्लैट्स खेल मैदान के लिए समूचा नैनीताल शहर नगर पालिका परिषद नैनीाल के साथ है और खेल मैदान नगर पालिका के अधीन ही रहना चाहिए। डीएसए महासचिव अनिल गढिया ने कहा कि डी एस ए नैनीताल का पूर्ण आडिट हुआ है और समस्त अभिलेख दुरस्त हैं। दो वर्ष से बिना किसी आर्थिक सहायता के डीएसए ने वर्ष भर सभी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की हैं। नगरपालिका सभासद और फ्लैट सब कमेटी के अध्यक्ष अंकित चंद्र ने कहा कि फ्लैट्स खेल मैदान नगरपालिका का अभिन्न अंग है। सभासद मनोज साह जगाती ने कहा कि पूरी नगर पालिका फ्लैट खेल मैदान के लिए आर पार की लड़ाई लडऩे के लिए तैयार है । कुमाऊं विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर देवेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि डी एस ए नैनीताल ने वर्ष भर सभी खेल प्रतियोगिताओं के द्वारा उदीयमान खिलाडियों को आगे बढ़ाया। उच्च न्यायालय नैनीताल के एडवोकेट कैलाश जोशी ने कहा कि वे लोग चिन्हित होने चाहिए जिन्होंने डी एस ए फ्लैट खेल मैदान नैनीताल के विरुद्ध कोई भी कार्य किया है। आर्य समाज नैनीताल के प्रबंधक केदार सिंह रावत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सन् 1995 के निर्णय के अनुपालन में पुराने अशोक टाकीज में बहुमंजिला पार्किंग नहीं बनाई जानी चाहिए इससे समूचे नैनीताल में गर्मी बढऩे से मौसम में बदलाव आएगा। पालिका सभासद जितेंद्र पांडे ने भी खेल मैदान के लिए आर पार की लड़ाई लडऩे का आह्वान किया है।

वरिष्ठ खिलाड़ी डा. मनोज सिंह बिष्ट और वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी भुवन बिष्ट ने कहा कि डी एस ए नैनीताल ने ईमानदारी के साथ सभी खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित किया गया है। बैठक में भारतीय शहीद सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता समेत वरिष्ठ खिलाड़ी चंद्र लाल साह,राजेश साह,राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी, सभासद लता दफौटी सपना बिष्ट ,काजल आर्या गीता उप्रेती राकेश पंवार रमेश चंद्र पूरन सिंह बिष्ट समेत शैलेन्द्र बर्गली पवन खड़ायत धर्मेंद्र शर्मा आशीष बजाज आलोक चौधरी धीरज बिष्ट रवि जोशी खजान डंगवाल दीपक बिष्ट चन्दन भंडारी प्रदीप पांडेय के के शर्मा सुरेश कंडवाल केदार सिंह रावत मौजूद रहे।

# अभिमत

## युद्ध रोमांटिक नहीं

***युद्ध मजबूरी होती है। युद्ध को जीत और हार की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा कि युद्ध न तो रोमांटिक होता है और न ही यह कोई बॉलीवुड फिल्म है। यदि आदेश मिले तो वह युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, लेकिन युद्ध पहली पसंद नहीं है। प्राथमिकता हमेशा कूटनीति होती है। संघर्ष विराम पर सहमति को लेकर सोशल मीडिया पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री को ट्रोल किये जाने पर राजनयिकों तथा राजनीतिक दलों ने चिंता जाहिर की है।***

भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम को लेकर सवाल उठाने वालों की जितनी निंदा की जाए, कम होगी। युद्ध मजबूरी होती है। युद्ध को जीत और हार की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने कहा कि युद्ध न तो रोमांटिक होता है और न ही यह कोई बॉलीवुड फिल्म है। यदि आदेश मिले तो वह युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं, लेकिन युद्ध पहली पसंद नहीं है। प्राथमिकता हमेशा कूटनीति होती है। संघर्ष विराम पर सहमति को लेकर सोशल मीडिया पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री को ट्रोल किये जाने पर राजनयिकों तथा राजनीतिक दलों ने चिंता जाहिर की है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश के बड़े अधिकारी के खिलाफ कुछ असामाजिक व आपराधिक तत्व सरेआम अपशब्दों की सारी सीमाएं तोड़ रहे हैं। इससे अधिकारियों का मनोबल टूटेगा। निर्णय सरकार का होता है, किसी अधिकारी का नहीं। दरअसल विदेश सचिव ने संघर्ष विराम की मीडिया को जानकारी दी थी। पूर्व विदेश सचिव निरुपमा राव ने बेहद शर्मनाक बताया और कहा कि यह शालीनता की हर सीमा को पार करता है। विदेश सचिव मिस्री एक समर्पित राजनयिक हैं, दृढ़ संकल्प के साथ देश की सेवा की है। उधर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने विक्रम मिस्री का समर्थन करते हुए कहा कि वह भारत के प्रभावशाली और काबिल अधिकारी हैं, समझ में नहीं आता कि उन्हें क्यों ट्रोल किया जा रहा है? सचिन पायलट और गौरव गोगोई ने भी कहा कि किसी योग्य अधिकारी को इस तरह लक्षित करना ठीक नहीं है। एआईएमआईएम के ओवैसी ने कहा कि हमारे सिविल सेवा अधिकारी कार्यपालिका के अधीन काम करते हैं और उन्हें कार्यपालिका को चलाने वाले किसी राजनीतिक नेतृत्व द्वारा लिये निर्णय के लिए दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद पूरे देशवासी पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। विपक्ष भी सरकार से मांग कर रहा था। भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया तो पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की, हालांकि युद्ध नहीं छिड़ा था। इसी बीच पाकिस्तान की ओर से युद्ध विराम का प्रस्ताव आया तो भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध विराम का निर्णय लिया। सरकार के निर्णय की जानकारी विदेश सचिव ने दी। इसमें विदेश सचिव निर्णायक नहीं थे, इसलिए उनपर टिप्पणी करना शर्मनाक है।

# सीएम धामी के नेतृत्व में विकास तेजी से जारी: सांसद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सांसद अजय भट्ट ने कहा कि देश और प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास तेजी से जारी है। श्री भट्ट ने कहा कि मेधावी छात्र छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त मौके दिए जा रहे हैं, सरकार जनता से जुड़े सभी क्षेत्रों में विकास में दिन रात कार्यशील है।

सांसद भट्ट मंगलवार को नैनीताल जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट के समीपवर्ती ग्राम सभा चोपड़ा के बसगांव में महादेव शरणम् समिति द्वारा प्रारंभ कौशल्या देवी छात्रवृत्ति का शुभारंभ कर रहे थे। जिसके अन्तर्गत संस्था द्वारा गरीब परिवार के हाईस्कूल स्तर के दो मेधावी छात्र छात्राओं को प्रति वर्ष एक लाख बीस हजार रुपए (साठ हजार प्रत्येक को) की धनराशि शिक्षा के लिए प्रदान की जाएगी। सांसद भट्ट ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते ग्राम में जन मिलन केंद्र निर्माण के लिए तीन लाख रुपए की घोषणा की।

अपने संबोधन में सांसद ने विकास कार्यों की जानकारी देते कहा कि बलिया नाले की सुरक्षा के लिए 176करोड़ तथा गेठिया में मानसिक अस्पताल के लिए 75करोड़, जमरानी बांध के लिए 38हजार करोड़ और मुआवजे के लिए चार सौ करोड़, काठगोदाम नैनीताल राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए 710करोड़ और रोपवे निर्माण के लिए एक अरब रुपए का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि कुमाऊं में एम्स का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे मेडिकल कालेज बनाने के भी प्रयास जारी है। इसके अतिरिक्त पर्यटनएशिक्षाएस्वास्थ्य आदि क्षेत्रों में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। श्री भट्ट ने कर्नल सोफिया की तारीफ करते कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और दूर दृष्टि से देश की बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं।

इससे पूर्व श्री भट्ट का भीमताल के ब्लॉक प्रशासक डॉ. हरीश सिंह बिष्ट के साथ संस्था संस्थापक नवीन गिरी, अध्यक्ष चेतन गिरी, योगेश गिरी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कोटलिया समेत विभिन्न ग्राम सभा प्रशासकों, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह नेगी, मंडल अध्यक्ष कंचन उप्रेती, उपाध्यक्ष दिनेश खुल्बे, दान सिंह जीना आदि ने सांसद का स्वागत किया। इस दौरान शहीद हीरा बल्लभ भट्ट इंटर कालेज की पूजा भट्ट और पटवाडांगर इंटर कालेज की तान्या बरगली को छात्रवृत्ति के चैक सौंपे गए । इस दौरान प्रताप जीना, हरगोविंद रावत, जीवन चंद्र, राम दत्त चनियाल, पुष्कर जोशी, कैलाश जोशी, चंद्रशेखर भट्ट, गोपाल जीना, घनानंद भट्ट, पूरन अधिकारी, पूरन भट्ट, डॉ ललित जोशी, पान सिंह जीना, विक्रम धामी तथा जुगल गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कार पार्क करने को लेकर एक पर्यटक पुलिस से भिड़ा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र पार्किंग स्थल में कार पार्क करने को लेकर एक पर्यटक पुलिस से भिड़ गया। पुलिस ने कार पीछे करने को कहा तो पुलिस कर्मी ही कार की चपेट में आ गया। पुलिस ने पर्यटक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को मल्लीताल डीएसए कार पार्किंग पैक होने के कारण पुलिस पर्यटकों के वाहनों को आगे की पार्किंग स्थल में भेज रही थी। इस दौरान लखनऊ से आये एक पर्यटक से पुलिस ने कार आगे पार्किंग स्थल पर ले जाने की बात कही। पार्किंग स्थल पर पार्क करने की जिद पर अड़ गया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र का नाम TANISHQ PARGAI से बदलकर TANISHQ PARGAIN रख लिया है। अत: भविष्य में मेरे पुत्र को TANISHQ PARGAIN नाम से जाना, पहचाना जाए। - **योगेश चन्द्र परगांई, द्वारिकापुरी, फेज-I, गैस गोदाम रोड, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी (नैनीताल)**

# भाजपा कार्यालय में मनाई अहिल्याबाई होल्कर जयंती

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



भाजपा जिला कार्यालय में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता सहित अन्य भाजपा नेताओं ने विचार रखते हुए रानी अहिल्या बाई होल्कर के आदर्शों परचलने का आहवान किया।

अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी,देवी अहिल्याबाई होल्कर जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। सांसद भट्ट ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को रेखांकित करते हुए कहा कि अहिल्या बाई होल्कर 1767 से 1795 तक इंदौर स्थित होल्कर रियासत की मराठा रानी थीं। उन्हें एक महान शासक और दार्शनिक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने तीस वर्षों तक कुशलतापूर्वक शासन किया था। उनका शासन न्याय धर्म ओर लोक कल्याण के लिए जाना जाता है। उनका जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था, लेकिन उनकी तीक्ष्ण बुद्धि को देखकर गांव वालों ने कह दिया था कि यह लड़की काफी आगे बढ़ेगी।

बहुत कम उम्र में ही अहिल्याबाई के पति का निधन हुआ और जब महारानी बनीं तो उन्होंने जीवन के परिचय देने की शुरुआत की। उनकी जीवनी से उनके कार्य एवं विचार आज भी प्रासंगिक हैं। महापौर ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास में एक महान और प्रेरणादायक शख्सियत हैं, जिन्होंने अपने कुशल शासन और परोपकारी कार्यों से लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाया। उत्तराखंड में गौचर को गौचर का नाम देने में रानी अहिल्याबाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसी तरह बदरीनाथ, केदारनाथ, काशी विश्वनाथ आदि तमाम धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार एवं मंदिरों के निर्माण में उनका योगदान है। भाजपा उनकी 300वीं जयंती को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देश भर में जनसहयोग से मना रही है। ऐसे ही कार्यक्रमों को भाजपा महिला मोर्चा जिले एवं विधानसभा स्तर पर आयोजित करेंगी। अहिल्याबाई को एक यशस्वी महारानी, लोक सेविका और लोक नेता के रूप में याद की किया जाता है। उनके शौर्य और कृत्यों को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास भाजपा लगातार कर रही है।

इस दौरान पूर्व मेयर रामपाल सिंह, राकेश नैनवाल, धीरेन्द्र मिश्रा, रश्मि रस्तौगी,नीता सक्सेना,तरूण दत्ता, पवन राणा, राजेश जग्गा,सुनील वाल्मीकि, निमित शर्मा, गोपाल पटेल, हिमांशु शुक्ला आदि मौजूद थे।

# फिल्मी दुनिया

## कई महिला प्रधान फिल्मों में नजर आई काजोल



*काजोल जल्द ही फिल्म मां में नजर आने वाली हैं, फिल्म का पोस्टर रिलीज किया जा चुका है, साथ ही काजोल ने फिल्म का प्रमोशन कोलकाता से मां काली के आशीर्वाद से शुरू किया। मां से पहले भी काजोल ने कई महिला प्रधान फिल्मों में अभिया किया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म मां को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में काजोल का दमदार किरदार बताया जा रहा है। फिल्म मां से पहले भी काजोल कई महिला प्रधान फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इस लिस्ट में दो पत्ती और दुश्मन जैसी कई फिल्में शामिल हैं। काजोल की नई फिल्म मां 27 जून 2025 को रिलीज होगी। यह एक पौराणिक हॉरर फिल्म है, जिसमें काजोल की अब तक की सबसे दमदार भूमिका मानी जा रही है। फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु और बंगाली में आएगी। काजोल ने फिल्म की सफलता के लिए दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा की। फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज हो चुका है, जिसमें काजोल एक लड़की को पकड़े हुए हैं, और पोस्टर में मां काली और डेविल दोनों के रूप दिखाए गए हैं। कैप्शन है-नर्क भी यहीं है और देवी भी। दो पत्ती 2024 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म है। इसमें काजोल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, और कृति सेनन ने दो जुड़वां बहनों, सौम्या और शैली, का किरदार निभाया है। सौम्या शांत और संवेदनशील है, जबकि शैली चालाक और तेज-तर्रार है। शहीर शेख भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन शशांक चतुर्वेदी ने किया। काजोल की एक्टिंग को बहुत पसंद किया गया।*

### दुश्मन और देवी

*1998 में रिलीज हुई दुश्मन एक रिवेंज ड्रामा और सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म है। काजोल ने इसमें दो जुड़वां बहनों, सोनिया और नैना, की दोहरी भूमिका निभाई। यह काजोल की सबसे यादगार फिल्मों में से एक है।*

*देवी एक शॉर्ट फिल्म है, जिसमें काजोल सहित कई अभिनेत्रियां हैं। यह सामाजिक मुद्दों पर आधारित कहानी है। इसमें अलग-अलग पृष्ठभूमि की महिलाएं हैं, जो सामाजिक अन्याय की शिकार हैं।*

# सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए प्रयासों पर डीएम का जताया आभार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



भवाली क्षेत्र में विकास कार्यो को गति देने और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए जिलाधिकारी वंदना से सोमवार को स्थानीय संगठनों ने मुलाकात कर उनका आभार प्रकट किया इस अवसर पर होटल एसोसिएशन व्यापार मंडल पदाधिकारियो सहित भाजपा पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के योगदान की सराहना करते हुवे उनका आभार प्रकट किया जिलाधिकारी वंदना ने अपने नवंबर माह के दौरे में भवाली के सौंदर्यीकरण एवं बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी थी जिसमे विशेष रूप से नगर क्षेत्र की दुकानों में पारंपरिक कुमाऊंनी कला 'ऐपन' से सुसज्जित बोर्ड लगाए गए है जो स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ ही संस्कृति को नया जीवन दे रहे है ये बोर्ड पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगो के बीच भी आकर्षण का केंद्र बन रहे है इसके साथ ही हरसौली मार्ग पर क्षतिग्रस्त दीवार की त्वरित मरम्मत हेतु धनराशि की स्वीकृति तथा कैंची बायपास निर्माण के लिए वन विभाग से एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) प्राप्त कराने जैसे कार्यों में भी जिलाधिकारी की सक्रिय भागीदारी की सराहना की होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कपिल ने जिलाधिकारी की कार्यशैली को बेहद नवोन्मेषी दूरदर्शी व इनोवेटिव अप्रोच लेकर विकास को गति देने वाला बताया इस मौके पर होटल एसोसिएशन महासचिव कैलाश सुयाल प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष कंचन साह, भाजपा जिला मंत्री प्रकाश चंद्र आर्या अधिवक्ता शिवांशु जोशी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### भारतीय भाषा दिवस समर कैंप का शुभारंभ

**नैनीताल ।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती राजकीय इंटर कालेज मंगोली में मंगलवार को भारतीय भाषा दिवस समर कैंप के प्रथम दिन प्रधानाचार्य चंद्र शेखर जोशी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा समर कैंप के महत्व के बारे में कार्ययोजना के अनुसार क्रियाकलाप संपादित किए गए और विभिन्न गतिविधियों में रोल प्ले, फ़्लैश कार्ड, प्रेरक और देश भक्ति नारे व आपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी गई।समर कैंप में कक्षा 6 से बारह तक के 50 छात्र/छात्राएं उपस्थित रही। समर कैंप में छात्र छात्राएं प्रसन्नतापूर्वक प्रतिभाग कर रहे हैं। कैंप को सफल बनाने में शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद, भूपाल सिंह मेहता, मनोज कुमार, गणेश राम, रतन बन गोस्वामी तथा विजय पाल सिंह सहयोग कर रहे हैं।

### लेखपाल पटवारी का तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार

**हल्द्वानी।** राज्य सरकार द्वारा बिना सुविधाओं के जमीनों के अंश निर्धारण किए जाने के आदेश के खिलाफ बुधवार को भी लेखपाल संघ के आह्वान पर सभी लेखपाल पटवारी तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार जारी हैं। दूसरे दिन भी तहसील में कार्य बहिष्कार पर बैठे लेखपालो ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।जिलाध्यक्ष लेखपाल संघ नैनीताल जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जमीनों के अंश निर्धारण को लेकर सभी लेखपालों को निर्देशित किया गया है, परन्तु न तो उन्हें संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं , और न ही कोई प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें खतौनियों का डाटा तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। अंश निर्धारण के कार्य के लिए उन्हें जरूरी संसाधन, जैसे लैपटॉप व अन्य सुविधाएं भी नहीं दी गई है। लेखपाल संघ का कहना है उन्हें कम करने में कोई आपत्ति नहीं है लेकिन उन्हें काम करने के लिए सुविधा भी दी जानी चाहिए।

# बारिश के बाद चार्टन लॉज क्षेत्र में भूस्खलन का डर, टूटी दीवार के भरोसे क्षेत्र की सुरक्षा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शहर के मल्लीताल स्थित चार्टन लॉज क्षेत्र में सितंबर 2023 में हुए भूस्खलन के बाद से क्षेत्र संवेदनशील बना हुआ है। इधर भारी बारिश के बाद फिर क्षेत्र में भूस्खलन का डर सताने लगा है। वहीं जियो बैग की टूटी दीवार के भरोसे क्षेत्र की सुरक्षा टिकी है। भूवैज्ञानिकों ने स्थाई ट्रीटमेंट के कार्य में लेट लतीफी को खतरनाक बताया है। बता दें कि बीते 23 सितंबर 2023 को नैनीताल के चार्टन लाज क्षेत्र में भूस्खलन के बाद दो मंजिला मकान ध्वस्त हो गया था। मकान के गिरने से उसके नीचे स्थित दो मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसके बाद प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से 22 मकानों से लोगों को हटाकर घरों में ताला लगा दिया। भू वैज्ञानिक के साथ टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। लोनिवि की ओर से क्षेत्र में भूस्खलन रोकने के लिए जियो बैग की दीवार लगा दी गई थी। जबकि भूस्खलन के ऊपरी क्षेत्र को पानी से बचाव के लिए तिरपाल डाल दी गई थी। एक हजार से ज्यादा जियो बैग की सुरक्षा दीवार में लगाकर विस्थापित लोगों को घरों में रहने की अनुमति दे दी गई थी। बाद में टूटे हुए मकान को भी ध्वस्त किया गया। अब तक क्षेत्र का स्थाई उपचार नहीं किया गया है। पूर्व में किए निरीक्षण में भू वैज्ञानिक बीडी पाटनी ने कहा कि चार्टनलॉज क्षेत्र भूस्खलन के बाद संवेदनशील बन चुका है। इसका स्थाई उपचार जल्द से जल्द किया जाना जरूरी है। इसके बाद भी प्रशासन व विभाग ने क्षेत्र को अनदेखा किया। सुरक्षा के लिए लगाई गई जियो बैग की अस्थाई दीवार भी टूट गई है तथा तिरपाल भी फट गई है। एसे में बरसात के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा कैसे होगी यह बड़ा सवाल है?



### 15 जून से पहले हर हाल में पूरा करेंगे व्यवस्था

**नैनीताल ।** लोनिवि के ईई रत्नेश सक्सेना के मुताबिक जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर दोबारा क्षेत्र में जियो बैग की दीवार बनाकर व तिरपाल से भूस्खलन संभावित क्षेत्र को ढक कर सुरक्षा की जाएगी। यह कार्य 15 जून से पहले हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद स्थाई ट्रीटमेंट के लिए प्रस्ताव बनाए जाएंगे।

# छात्रावास में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के अंतर्गत आने वाले कल्पना चावला बालिका छात्रावास भीमताल में रह रही छात्राओं ने छात्रावास में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता को लेकर गहरी नाराजगी जताई है।

छात्राओं द्वारा मिली शिकायत के बाद मंगलवार को छात्र नेता अशीष कबड़वाल, करन सती, अभिषेक कुमार, कबीर साह, निखिल रावत व हर्षवर्धन समेत कई छात्र प्रतिनिधि छात्रावास पहुंचे और डीएसडब्ल्यू तथा मैस इंचार्ज से मामले को लेकर विस्तार से वार्ता की।

मौके पर मौजूद छात्र नेताओं ने बताया कि छात्राओं को लगातार बेहद खराब गुणवत्ता वाला भोजन परोसा जा रहा है जिसमें न तो पोषण का ध्यान रखा जाता है न ही साफ सफाई का। इस दौरान छात्र प्रतिनिधियों ने प्रशासन के समक्ष मांग रखी की भोजन की गुणवत्ता में तत्काल सुधार किया जाए और नियमित निरीक्षण के लिए स्वतंत्र समिति गठित की जाए।छात्रावास गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सुरक्षा व्यवस्था के तहत एक स्थायी सुरक्षा गार्ड की नियुक्ति की जाए।

इस गंभीर मसले पर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू ने प्रतिनिधिमंडल को कार्यवाही का भरोसा देते हुए कहा कि भोजन की गुणवत्ता पर समय.समय पर निरीक्षण किया जाता है और यदि कहीं कोई लापरवाही पाई जाती है तो संबंधितों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे विश्वविद्यालय स्तर पर व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे।



# संगोष्ठीः भ्रष्टाचारी विजिलेंस की रडार परः डिप्टी एसपी मनराल

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मंगलवार को विकास भवन सभागार रुद्रपुर में सतर्कता अधिष्ठान की ओर से संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में सतर्कता अधिष्ठान सेक्टर हल्द्वानी के डिप्टी एसपी अनिल मनराल पहुंचे । इस दौरान विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों समेत अधिकारियों कर्मचारियों को भ्रष्टाचार में लिप्त न रहने एवं जनमानस के कार्यों को पारदर्शी तरीके से सही समय पर करने के संबंध में जानकारी दी। सीओ ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तराखंड एवं निदेशक सतर्कता डॉक्टर वी मुरुगेशन के निर्देशों के तहत जागरूकता गोष्ठी आयोजित की जा रही है। उन्होंने अधिकारी कर्मचारियों को हिदायत दी गई कि ऐसे व्यक्ति जो सरकारी कामों को रिश्वत लेकर कर रहे हैं वह विजिलेंस की रडार पर हैं और उनके खिलाफ गोपनीय रूप से सूचना एकत्र करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी या कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जायेगा उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि कुछ अधिकारी कर्मचारियों द्वारा प्राइवेट व्यक्तियों के माध्यम से भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिनके संबंध में गोपनीय रूप से जांच की कार्रवाई की जा रही है और अति शीघ्र इसके परिणाम प्राप्त होंगे। वर्तमान में काफी बड़े लेवल के अधिकारियों को विजिलेंस विभाग ने ट्रैप किया है। इस मौके पर डीडीओ एवं अन्य विभागों के नोडल अधिकारी , विभागों के मुख्य सतर्कता अधिकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# मोहन लाल साह विद्यालय में पुण्य स्मृति में पैट्रनस डे मनाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में पूर्व प्रबंधक स्वर्गीय मदन लाल साह की पुण्य स्मृति में पैट्रनस डे मनाया गया। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित रही। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ विधायक सरिता आर्या एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसके बाद प्रधानाचार्या अनुपमा साह ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने शिक्षा के साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों के महत्व पर भी जोर दिया। समारोह में कक्षा प्रेप से लेकर 6 तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें स्वागत गीत, सरस्वती वंदना तथा नर्सरी द्वारा पाइन एप्पल द ट्रीएयू के जी द्वारा बॉल,कक्षा 1 के द्वारा मिनीयंस जबकि कक्षा 2 के द्वारा फ्यूजन डांस वहीं कक्षा 3 के द्वारा सोशल मीडिया थीम सॉंग तथा कक्षा 4 द्वारा गुजराती एवं कक्षा 5 द्वारा फ इव एलीमेंट नृत्य प्रस्तुत किया गया। छात्राओं द्वारा अंग्रेजी नाटक द सेलफिश जाइन्ट और कुंभ के प्रसंग पर नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय द्वारा छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छात्रवृत्तियां भी प्रदान की गई। प्रधानाचार्या अनुपमा साह द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों और उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया गया । कार्यक्रम का संचालन सुश्री लता पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक विनय साह (चेयरमैन कूर्माचल बैंक), विद्यालय चैयरमैन पद्मश्री अनूप साह समेत विंग कमांडर अच्युत डे , आलोक साह, सुनील साह, भरत लाल साह, मधु विंग, मीता साह, गीता साह, मोनिता साह आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।



### फायरिंग करने वाले दो को हिरासत में लिया

**रुद्रपुर।** ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों के गिरेबान तक पुलिस के हाथ पहुंच गए हैं। पुलिस ने रम्पुरा क्षेत्र से दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात ट्रांजिट कैंप क्षेत्र श्मशान घाट रोड देशी शराब की दुकान के पास बाईक पर सवार होकर आए बदमाशों ने फायरिंग कर दहशत फैलाई थी। पुलिस ने एक व्यक्ति की तहरीर पर फायरिंग करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सांसद भट्ट पहुंचे भाजपा नेता चुघ के आवास, जताया शोक

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ की माता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ के निधन पर शोक व्यक्त करने का सिलसिला जारी है।

भाजपा नेता के निवास पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट समेत तमाम गणमान्य लोगों ने भूरारानी में पहुंचकर उर्मिला रानी चुघ के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने कहा कि उर्मिला रानी चुघ एक धार्मिक और सामाजिक महिला थी, उनके अच्छे संस्कारों की बदौलत ही आज चुघ परिवार सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहकर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाये हुए हैं। उन्होंने कहा कि उर्मिला रानी चुघ के निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुयी है। इस दौरान किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल,गुंजन सुखीजा, सितारगंज के पूर्व विधायक नारायण पाल, मोहन पाल, कॉंवल सिंह ,मेजर सिंह,प्रदीप बिष्ट, चंदन बिष्ट, प्रकाश रावत आदि ने भी चुघ के निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।



# पं0 जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर गोष्ठी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा मंगलवार को भारत के भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यालय तल्लीताल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आधुनिक भारत की नींव पंडित नेहरू ने ही रखी थी। देश की प्रगति में दिये गए उनके योगदान के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि पंडित नेहरू देश की आजादी की लड़ाई के दौरान 9 बार जेल गए। इस अवसर पर नगर महिला अध्यक्ष डा. भावना भट्ट, जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ कमलेश तिवारी समेत त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, दिनेश कर्नाटक, जिला उपाध्यक्ष जे.के.शर्मा, नगर सचिव बंटू आर्या,मनोज भट्ट,विनोद परिहार, कनक साह, दिनेश चंद्र सिंह खेतवाल आदि उपस्थित रहे।



### नलों से गंदे पानी के साथ कीड़े निकले, नाराजगी जताई

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में मंगलवार को नलों से गंदे पाने के साथ कीड़े निकलने से लोगों ने नाराजगी जताई है। लोगों ने सोशल मीडिया में वीडियो डाला तो जल संस्थान की टीम ने समस्या का समाधान किया। जानकारी के अनुसार तल्लीताल में मंगलवार की सुबह कई घरों के नलों में गंदा पानी आने लगा। जब लंबे समय तक पानी साफ नहीं हुआ तो लोगों ने गंदा पानी ही भरना शुरू कर दिया। लेकिन पानी से बदबु के साथ कीड़े निकले तो लोगों को आश्चर्य हुआ। लोगों ने वीडियो बनाकर जल संस्थान के कर्मचारियों को भेजने के साथ सोशल मीडिया में भी प्रसारित कर दी। जिस पर जल संस्थान के कर्मचारियों ने पेयजल लाइनों की जांच की। जल संस्थान के सहायक अभियंता दलीप सिंह बिष्ट ने बताया कि तल्लीताल पिछाड़ी बाजार क्षेत्र में पुरानी पेयजल लाइन नाले में टूट गई थी।